# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(ग्यारहवां सत्र)

## मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न

## वीरवार, 31 मार्च, 2016/11 चैत्र,1938 (शक्)

----

[**सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - वन मंत्री - शहरी विकास मंत्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री तथा सहकारिता मंत्री** ].

**कुल प्रश्न - 23**

----

### वन लगाओ रोजी कमाओ

***3093 श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि "वन लगाओ रोजी कमाओ" योजना से हरित क्रांति को बढ़ावा मिला है;

(ख) यदि हां, तो वन विभाग द्वारा महिला मण्डल, विभिन्न सामाजिक संस्थाओं को मांग पर चौड़ी पत्ती व इमारती लकड़ी के पौधे व फैंसिंग हेतु कांटेदार तारें निःशुल्क उपलब्ध करवाई जाती थी; और

(ग) सरकार द्वारा क्या इन दोनों योजनाओं को बन्द कर दिया गया है; यदि हां, तो ब्यौरा कारणों सहित दें?

----

### भूमिदान पर रजिस्ट्रेशन फीस

***3094 श्री सतपाल सिंह सत्ती (ऊना):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि प्रदेश सरकार को विभिन्न विकासात्मक कार्यों हेतु निजी भूमि दान देने पर रजिस्ट्रेशन फीस नहीं ली जाती है;

(ख) यदि हां, तो नगर पंचायत व नोटिफाईड एरिया कमेटी में ऐसी दान की गई भूमि पर रजिस्ट्रेशन फीस वसूल की जा रही है; ब्यौरा कारण सहित दें; और

(ग) सरकार विकासात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देने हेतु नगर पंचायत व नोटिफाईड एरिया कमेटी में भी निजी भूमिदान देने पर रजिस्ट्रेशन फीस को माफ करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

----

## फसलों को बचाने हेतु योजना

***3095 श्री राकेश कालिया (गगरेट):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार जंगली जानवरों से किसानों की फसलों को बचाने के लिए कोई योजना बनाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; ब्यौरा दें?

----

## नगर परिषद का गठन

***3096 श्री जय राम ठाकुर (सिराज़):**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि सरकार ने जिला मंडी के अंतर्गत नेरचौक में नगर परिषद का गठन कर दिया है;

(ख) यदि हां, तो कितनी पंचायतों का इस नगर परिषद में विलय हुआ; और

(ग) यह भी सत्य है कि नगर परिषद के चुनावों का स्थानीय लोगों ने बहिष्कार किया है; ब्यौरा दें?

----

## उप-मण्डलाधिकारी कार्यालय

***3097 श्री बलदेव सिंह तोमर(शिलाई) :**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) शिलाई में उप-मण्डलाधिकारी कार्यालय कब खोला गया;

(ख) गत तीन वर्षों में कौन-कौन उप-मण्डलाधिकारी इस कार्यालय में कार्यरत रहे तथा वर्तमान में इस पद पर कौन कार्यरत है; ब्यौरा अधिकारी के नाम सहित दें; और

(ग) तहसील शिलाई  व उप-तहसील रोहनाट में नायब तहसीलदार के पद कब-कब से रिक्त हैं; सरकार रिक्त पदों को कब तक भरने का विचार रखती है?

----

## कर्मचारियों का कैडर

***3098 श्री संजय रतन (ज्वालामुखी)ः**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में नगर पंचायत एवं नगर परिषद के कर्मचारियों का कैडर जिला स्तर का है या नहीं; ब्यौरा दें?

----

## लीज पर भूमि

***3099 डॉ0 राजीव सैजल (कसौली)ः**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि जिला सोलन के अन्तर्गत Amusement Park व Spa स्थापित करने हेतु सरकारी भूमि लीज़ पर लिए जाने हेतु आवेदन प्राप्त हुए हैं; और

(ख) यदि हां, तो कसौली निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत किस-किस स्थान हेतु आवेदन प्राप्त हुए व किस-किस व्यक्ति/संस्था ने आवेदन किया है; ब्यौरा दें?

----

## छौंछ खड्ड का तटीयकरण

***3100 श्री मनोहर धीमान (इन्दौरा)ः**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) छौंछ खड्ड के तटीयकरण का कार्य किस वर्ष शुरू किया गया तथा इसे कब तक पूर्ण करने का लक्ष्य है; और

(ख) वर्तमान में इसके  लिये कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया है; ब्यौरा दें?

----

## पार्किंग निर्माण

***3101 श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी)ः**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क)  गत तीन वर्षों में कसुम्पटी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत नगर निगम क्षेत्र में पार्किंग निर्माण हेतु कितने स्थानों को चिन्हित किया गया है; और

(ख) कितने स्थानों पर पार्किंग का निर्माण किया गया और कितनों पर प्रस्तावित है; ब्यौरा नाम सहित दें?

----

## नाबार्ड के अन्तर्गत योजनाएं

***3102 श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) गत दो वर्षों में जिला मण्डी की कितनी सिंचाई स्कीमें नाबार्ड के अन्तर्गत स्वीकृत हुई; ब्यौरा स्कीमों के नाम सहित दें;

(ख) इन स्कीमों की अनुमानित लागत कितनी-कितनी है; ब्यौरा दें; और

(ग) इन स्कीमों के निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

----

## Issuance of Notices

***3103 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Urban Development Minister** be pleased to state that:-

(a) during the last three years upto 31-01-2016 how many notices under section 211 of Municipal Act have been issued by M.C. Dalhousie; and

(b) what action has been taken by M.C. after the issuance of these notices?

----

## जान-माल का नुकसान

***3104 श्री महेन्द्र सिंह (धर्मपुर):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों से 31.1.2016 तक प्रदेश में भारी वर्षा और बादल फटने के कारण लोगों के कितने मकान, गौशालाएं बह गई; कितने लोगों की जान-माल का नुकसान हुआ; ब्यौरा विधान सभा क्षेत्रवार दें;

(ख) कितनी जमीन कृषि योग्य थी; कितने मकान खतरे में है व सरकार ने इनकी सुरक्षा/ जमीन कृषि योग्य बनाने के लिए क्या कदम उठाए;

(ग) कितनी टीमें केन्द्र सरकार से नुकसान का निरीक्षण करने के लिए आई; वर्षवार भेजी रिपोर्ट की प्रति सभा पटल पर रखें; और

(घ) प्रदेश को कितनी-कितनी राशि NDRF/SDRF के अन्तर्गत केन्द्र से प्राप्त हुई एवं उसका आबंटन किस-किस विधान सभा चुनाव क्षेत्र में किया गया; ब्यौरा कार्यवार दें ?

----

## सड़कों का हस्तांतरण

***3105 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में रोहडू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की ऐसी कौन-कौन सी सड़कें हैं जिन्हें वन विभाग द्वारा लोक निर्माण विभाग को हस्तांतरित किया जाना है; ब्यौरा दें;

(ख) इन सड़कों को लोक निर्माण विभाग को कब तक हस्तांतरित कर दिया जाएगा; और

(ग) वर्तमान में इस क्षेत्र की ऐसी कौन-कौन सी सड़कें हैं जिन्हें वन विभाग से अनापत्ति प्रमाण-पत्र नहीं मिला है; ब्यौरा विलम्ब के कारणों सहित दें?

----

## बेलदारों की पदोन्नति

***3106 श्री वीरेन्द्र कंवर (कुटलैहड़):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत बेलदार जिन्होंने IGNOU से सिविल इंजीनियरिंग में पत्राचार के माध्यम से तीन वर्ष का डिप्लोमा पास किया है; क्या वह कार्य निरीक्षक या किसी अन्य पद की पदोन्नति के लिए पात्र है;

(ख) यदि हां, तो पात्र बेलदारों के लिये कितने प्रतिशत कोटा निर्धारित है तथा कितने बेलदारों ने शैक्षणिक/तकनीकी शिक्षा हासिल कर ली है;

(ग) दिनांक 31.01.2016 तक कितने बेलदार पदोन्नत किए गए हैं तथा शेष पात्र बेलदारों की पदोन्नति कब तक कर दी जाएगी?

----

## पेयजल का परीक्षण

***3107 श्री गोविन्द राम शर्मा (अर्की):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) यह सत्य है कि प्रदेश में स्थापित हैण्डपम्पों से पेयजल उपलब्ध करवाया जा रहा है; और

(ख) यदि हां, तो क्या विभाग ने सभी हैण्डपम्पों से उपलब्ध पेयजल का परीक्षण करवाया है; ब्यौरा दें?

----

## सफाई कर्मचारियों की रिक्तियां

*3108 **श्री सुरेश भारद्वाज (शिमला)ः**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में शिमला नगर निगम में सफाई कर्मचारियों के कितने पद स्वीकृत हैं; इनमें से कितने भरे हुए हैं तथा कितने रिक्त हैं; और

(ख) सरकार क्या शिमला की बढ़ती जनसंख्या के दृष्टिगत सफाई कर्मचारियों के पदों को बढ़ाने का विचार रखती है?

----

## बांहग जगतसुख मल प्रवाह योजना

*3109 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली)ः**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) यह सत्य है कि सरकार मनाली गांव से ग्रीन टैक्स बैरियर (Right Bank) व बांहग से जगतसुख तक के क्षेत्र को सीवरेज सुविधा प्रदान करने जा रही है;

(ख) यदि हां, तो इस सीवरेज योजना की अनुमानित लागत कितनी है;

(ग) इस योजना से कौन-कौन सी पंचायतें व गांव लाभान्वित होंगे; ब्यौरा दें; और

(घ) इस योजना का निर्माण कब तक प्रारम्भ किया जायेगा?

----

## आयुर्वेदिक औषधालयों में रिक्तियां

*3110 **श्री रविन्द्र सिंह (देहरा)ः**

क्या **सहकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) देहरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने आयुर्वेदिक औषधालय हैं; इनमें कितने पद विभिन्न श्रेणियों के सृजित हैं;

(ख) इनमें से कितने-कितने पद कब-कब से रिक्त हैं; ब्यौरा औषधालयवार दें; और

(ग) इन रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा; ब्यौरा दें ?

----

## Construction of Buildings

***3111 Sh. Krishan Lal Thakur(Nalagarh) :**

Will the **Social Justice & Empowerment Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that number of Anganwaris are running without their own buildings in the Pradesh;

(b) by when the buildings for these Anganwaris will be constructed;

(c) whether it is also a fact that the rent of Rs. 200/- per month allowed for private building is abnormally on lower side; and

(d) if yes, will the Government consider to increase the rent & also allow to hire the buildings of the anganwari workers ?

----

## भवन निर्माण

***3112 श्री राम कुमार (दून):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सरकार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बद्दी के भवन का निर्माण कार्य कब तक प्रारम्भ करने का विचार रखती है; और

(ख) इसके विलम्ब के क्या कारण हैं ?

----

## पेयजल/सिंचाई योजनाएं

***3113 श्री सुरेश कुमार(पच्छाद) :**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) वर्तमान में पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के संराह सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य उप-मण्डल में कितनी पेयजल योजनाएं हैं; ब्यौरा नाम सहित दें;

(ख) कितनी योजनाओं में Water Filter Units का निर्माण किया गया है; और

(ग) इनमें से कितने Unit कार्य कर रहे हैं तथा कितने खराब हैं; ब्यौरा योजनावार दें;

(घ) धमान्दर उठाऊ सिंचाई योजना के निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें; और

(ङ) गत तीन वर्षों में पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की कितनी उठाऊ/बहाव पेयजल योजनाओं के नवीनीकरण का कार्य किया गया; ब्यौरा नाम सहित दें?

----

## रोगों की रोकथाम हेतु प्रचार

***3114 श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत दो वर्षों में सरकार ने विभिन्न रोगों की रोकथाम हेतु (Prevention of Disease) प्रचार व जनता के इलाज पर व्यय हेतु कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया और उसमें से कितनी व्यय की गई; ब्यौरा मद व वर्षवार दें?

----

## उप-स्वास्थ्य केन्द्र

***3115 श्री राम कुमार(दून) :**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि ग्राम पंचायत सौडी के गांव नवांनगर की 5 कि0 मी0 की परिधि में कोई भी स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध नहीं है; यदि हां, तो क्या सरकार इस क्षेत्र में उप-स्वास्थ्य केन्द्र खोलने पर विचार करेगी; और

(ख) रामपुर उप-स्वास्थ्य केन्द्र के भवन निर्माण का कार्य शुरू न करने के क्या कारण हैं; ब्यौरा दें?

----

**शिमलाः 171004.** **सुन्दर सिंह वर्मा,**
**दिनांकः 15 मार्च, 2016.** **सचिव।**